देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 98 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
संतुलित नीति



# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 18 जुलाई 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 25.0° | 80351.64 | 2 सिनवार पर युद्ध खत्म करने का दबाव | 7 तैयार भारतीय महिला टीम

# बारिश से व्यवस्थायें एक बार फिर बेपटरी

**संवाददाता**

देहरदून। बीती रात्रि हुई भारी बारिश से धारचूला– मुनस्यारी में व्यवस्थायें एक बार फिर बेपटरी हो गई हैं। निंगालपानी में पहाड़ी दरक जाने से पिथौरागढ़–धारचूला मोटर मार्ग बंद हो गया है। मुनस्यारी के साईपोलू में भारी बारिश से एक मकान ध्वस्त हो गया है। नदी–नालों ने रौद्र रूप ले लिया है।

धारचूला नगर से छह किलोमीटर पहले निंगालपानी के पास बीती रात्रि दस बजे विशाल पहाड़ी भारी बारिश के चलते दरक गई। पहाड़ी का मलबा गिरने से मार्ग बंद हो गया है। मार्ग बंद होने से धारचूला से जौलजीबी, गोरीछाल, डीडीहाट, पिथौरागढ़ के लिए आवागमन करने वाले वाहन फंस गये। मार्ग बंद होने की सूचना पर पुलिस, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।

बुधवार की सुबह मार्ग नहीं खुलने से सैकड़ों वाहन फंसे रहे। जरूरी यात्रा पर निकले लोगों ने पैदल चलकर मलबा पार कर दूसरी ओर से वाहन पकड़े। नगर के खड़ी गली में सीवर लाइन चोक हो जाने से गंदा पानी पूरे बाजार में फैल गया, जिससे बुधवार को लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ी। बुंगबुंग सिमखोला के ठुलीगाड़ में बना 40 मीटर लंबा पैदल पुल झुक गया है। पुल कभी भी धराशायी हो सकता है। पुल टूटने पर ग्राम सभा के दर्जनों गांवों को दिक्कत झेलनी पड़ेगी।

मुनस्यारी तहसील क्षेत्र में भारी बारिश से गधेरों ने रौद्र रूप ले लिया है। साईपोलू गांव में भारी बारिश के चलते बहादुर सिंह का दो कमरों का मकान ध्वस्त हो गया है। परिवार जनों के समय रहते मकान छोड़ देने से बड़ा हादसा टल गया। परिवार के सदस्यों ने गांव में ही दूसरे व्यक्ति के मकान में शरण ले रखी है।

मदकोट– दूनामानी मोटर मार्ग में गोरीपुल से 200 मीटर आगे बहने वाले नाले ने रौद्र रूप से लिया है। नाले में और पानी बढ़ने पर भारी नुकसान संभव है। मोतीघाट– गोल्फा मोटर मार्ग पर जगह– जगह भूस्खलन से सड़क बाधित हो गई है।

भूस्खलन से सड़क के नीचे बसी बस्तियों में रहने वाले लोग सहमे हुए हैं। बुधवार को जिले भर में बादल छाये रहे।

## भारी बारिश से नदी–नाले उफान पर, सड़क पर बह रहे गधेरे ने लिया रौद्र रूप



### आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा पहाड़ी से भारी मलबा गिरने से पौड़ी हाईवे बाधित हो गया। भारी बारिश को देखते हुए सिद्धबली और दुगड्डा बैरियर क्लोज कर दिए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कुमाऊं के पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में बारिश का येलो अलर्ट मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा। पहाड़ों की रानी मसूरी में झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के साथ ही घना कोहरा छाया रहा।

### नदियों के पास नहीं जाने की अपील

मौसम विभाग के बारिश पर अलर्ट के बाद प्रशसन भी मुस्तैद हो गया है। उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश के बाद नदियों और नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है। बारिश पर अलर्ट के बाद पुलिस–प्रशासन की ओर से मुनादी कर लोगों से नदियों और तटीय इलाकों के पास नहीं जाने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के 13 जिलों में से 9 जिलों में भारी बारिश पर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों से अपील है कि पर्वतीय जिलों में सफर के दौरान वह सतर्क रहें। विदित हो कि बारिश में अकसर भूस्खलन के बाद सड़क बंद हो जाती है, जिसकी वजह से लोग फंस जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंचे सीएम योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी में लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी में चल रही बयानबाजी और नई नई अटकलों के बीच बुधवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिलने राजभवन पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि सीएम योगी राज्यपाल से आगामी मानसून सत्र को लेकर राज्यपाल से चर्चा करने पहुंचे हैं। सरकार 29 जुलाई से विस का सत्र बुला सकती है।

### अखिलेश यादव को डिप्टी सीएम केशव का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। भाजपा 2027 में 2017 दोहराएगी। बता दें कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर 325 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# सबूत सामने लाएं या सुप्रीम कोर्ट में जाइये

## केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट प्रमुख ने सबूत पेश करने की दी चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने केदारनाथ मंदिर में सोने के घोटाले के दावों पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पर पलटवार किया। दरअसल, ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दावा किया है कि केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोना चोरी हुआ है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अजय ने कहा कि केदारनाथ धाम में सोना गायब होने के बारे में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने शंकराचार्य से तथ्य और इस मामले में सबूत पेश करने की चुनौती दी है।

अजेंद्र अजय से शंकराचार्य के सोना चोरी हो जाने वाले दावे पर जवाब मांगा। इस पर उन्होंने कहा कि मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का सम्मान करता हूं, लेकिन वह दिन भर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहते हैं...विवाद पैदा करना, सनसनी फैलाना और खबरों में बने रहना स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की आदत हो गई है। केदारनाथ धाम में सोना गायब होने पर उनका बयान बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उनसे आग्रह करता हूं और चुनौती भी देता हूं कि वह तथ्य और सबूत सामने लाएं।

अजय ने यह भी सुझाव दिया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बयानबाजी करने के बजाय सक्षम प्राधिकारी से संपर्क कर जांच की मांग करनी चाहिए।

अजय ने कहा, उन्हें अधिकारियों के पास जाना चाहिए, सबूत पेश करने चाहिए और जांच की मांग करनी चाहिए। अगर उन्हें सक्षम अधिकारी पर भरोसा नहीं है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जाना चाहिए, जनहित याचिका दायर करनी चाहिए और अगर उनके पास वास्तव में सबूत हैं तो जांच की मांग करनी चाहिए।

### कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

अजय ने आगे कहा, श्केदारनाथ धाम की गरिमा को ठेस पहुंचाने या इस पर विवाद पैदा करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। अगर वह सिर्फ विरोध करने, विवाद पैदा करने और कांग्रेस के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# 23 लाख बच्चों को फैसले का इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट विवादों से धिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। यह परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 18 जुलाई की अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है।

शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और नीट–यूजी 2024 के आयोजन में कथित गड़बड़ी की जांच की मांग वाली याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी थी, क्योंकि कुछ पक्षों को केंद्र और एनटीए के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। पीठ ने कहा था कि उसे परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं की जांच में हुई प्रगति पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्थिति रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

### नीट–यूजी मामला

■40 से अधिक याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

### 23.33 लाख से अधिक छात्रों ने दी थी परीक्षा

बता दें कि 5 मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर 23. 33 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। केंद्र और एनटीए ने शीर्ष अदालत में दायर अपने पहले के हलफनामों में कहा था कि परीक्षा को रद्द करना सही नहीं होगा और बड़े पैमाने पर गोपनीयता के उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को गंभीर रूप से खतरे में डाल देगा।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को एलान किया है कि अग्निवीरों को प्रदेश में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान सीएम सैनी ने अग्निवीरों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अग्निवीरों को प्रदेश में नौकरियों में भर्ती में छूट मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना से स्किल्ड और एक्टिव युवा तैयार होता है। सीएम ने एलान किया कि अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग, गार्ड, जेल गार्ड और एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ग्रुप सी में तीन वर्ष की आयु में छूट दी जाएगी। ग्रुप बी में पांच प्रतिशत ग्रुप ए में एक प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अग्निवीर सैनिकों को 500000 तक बिना ब्याज का लोन दिया जाएगा। सरकार अग्निवीर सैनिकों को यातायात दुर्घटना में घायल होने पर मुआवजा देगी। सड़क दुर्घटना में घायलों का पूरा खर्च भी सरकार उठाएगी।

### हरियाणा में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण

# साइनाइड मिला पेय पदार्थ पीने से हुई सभी छह की मौत

खुलासा

## बैंकॉक के लग्जरी होटल में 6 मौतों का पुलिस ने किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बैंकाक। थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित एक लग्जरी होटल में छह लोग मृत पाए गए हैं। इनमें तीन पुरुष और तीन महिलाएं हैं। चेक आउट टाइम के 24 घंटे बीत जाने के बाद जब होटल स्टाफ मंगलवार शाम को पांचवें मंजिल पर स्थित सुईट में पहुंचा, तो अंदर सभी की लाश पड़ी हुई थी। बैंकॉक पुलिस ने कहा है कि इन सभी की मौत साइनाइड मिला पेय पदार्थ मिलने से हुई है। पुलिस को शक है कि जहर देने के पीछे मृतकों में से ही एक है, जिसने भारी कर्ज की वजह से ऐसा किया। जांचकर्ताओं का मानना है कि लाश मिलने के 24 घंटे पहले ही इनकी मौत हो चुकी थी।

इसके पहले थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने बताया था कि मृतकों में चार वियतनामी थे, जबकि दो अमेरिकी नागरिक थे। ये सभी बिजनेसमैन थे। इसके पहले शवों के मिलने के बाद कई अटकलें लगाई जा रही थीं। स्थानीय रिपोर्टों में शुरू में यह अनुमान लगाया था कि होटल के अंदर गोलीबारी हुई है। बाद में पुलिस ने इन रिपोर्टों को खारिज कर दिया गया। अब इस बात की स्पष्ट तस्वीर सामने आ रही है कि क्या हुआ होगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि छह में से दो लोगों ने निवेश के इरादे से एक अन्य मृतक को श्कई करोड़ थाई बहतश उधार दिए थे। 1 करोड़ बहत की कीमत लगभग 280,000 डॉलर (2.33 करोड़ रुपये) है।

बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, बैंकॉक के डिप्टी पुलिस चीफ जनरल नोपासिन पूनसावत ने कहा कि समूह ने अलग–अलग होटल में चेक–इन किया था और उन्हें पांच कमरे दिए गए थे। इनमें चार सातवीं मंजिल पर और एक पांचवी मंजिल पर था। सोमवार को सभी लोग पांचवीं मंजिल के कमरे में पहुंच गए थे। समूह ने भोजन और चाय का ऑर्डर दिया, जिसे शाम चार बजे स्टाफ ने कमरे में पहुंचा दिया था। पुलिस के अनुसार, एक वेटर ने चाय बनाने की पेशकश की लेकिन उसे मना कर दिया गया।

बाद में वेटर कमरे से बाहर चला गया। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद कमरे में मौजूद छह लोगों के अलावा कोई और नहीं आया था। पुलिस का कहना है कि अंदर संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने सुइट के अंदर मिले होटल के खाने की तस्वीरें साझा कीं, जिसे खोला भी नहीं गया था। ऐसा लग रहा था उसे छुआ तक नहीं गया था। पुलिस ने कहा कि छह कप इस्तेमाल किए गए थे। पुलिस को सभी छह चाय के कपों में साइनाइड के निशान मिले हैं।

## न्यूज डायरी



### कन्वेंशन सेंटर के बाहर पुलिस ने चाकू लहरा रहे शख्स को किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिल्वौकी। अमेरिका में हाल ही में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोली चला दी गई थी। इसके बाद ट्रंप रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में भाग लेने के लिए मिल्वौकी गए हैं। अब नेशनल कन्वेंशन से पांच पुलिस अधिकारियों की तरफ से एक शख्स पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। मिल्वौकी के पुलिस प्रमुख ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विस्कॉन्सिन में पांच ओहियो पुलिस अधिकारियों ने कन्वेंशन के पास चाकू से लड़ाई कर रहे एक व्यक्ति पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मिल्वौकी प्रमुख जेफरी नॉर्मन ने एक सम्मेलन में कहा कि कोलंबस, ओहियो पुलिस विभाग के सदस्यों ने जिस व्यक्ति को गोली मारी, उसके दोनों हाथों में चाकू था और उसने पुलिस के आदेशों को स्वीकार करने से मना कर दिया था। मिल्वौकी प्रमुख ने आगे ये भी बताया कि शख्स के पास से दो चाकू और एके–47 बरामद किये गये हैं। बता दें कि कन्वेंशन में ही पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर आधिकारिक मुहर लगी। सोमवार से शुरू और गुरुवार को समाप्त होने वाले सम्मेलन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई न्यायक्षेत्रों के हजारों अधिकारी मिल्वौकी में हैं। गोलीबारी से निवासियों में गुस्सा फैल गया है, निवासियों ने सवाल किया कि राज्य के बाहर के अधिकारी सम्मेलन स्थल से लगभग एक मील दूर स्थित उनके पड़ोस में क्यों थे।

### रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन में पहले दिन भारतवंशियों ने छोड़ी छाप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिलवाकी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए पूर्ण समर्थन की घोषणा करने से लेकर अरदास पढ़ने तक बड़ी संख्या में उपस्थित भारतीय मूल के अमेरिकियों ने यहां आयोजित हाई–प्रोफाइल रिपब्लिकन नेशनल कंवेंशन (आरएनसी) के पहले दिन अपना प्रभाव छोड़ा। मई में टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए भारतीय मूल के अमेरिकी राजनेता अब्राहम जार्ज ने घोषणा की कि उनके प्रांत के सभी प्रतिनिधि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के लिए मतदान कर रहे हैं। कैलिफोर्निया से आरएनसी की राष्ट्रीय समिति की महिला सदस्य हरमीत ढिल्लों ने सम्मेलन में अरदास पढ़ी। भारतीय मूल के ओहायो स्टेट सीनेटर नीरज अंतानी और डा. संपत शिवांगी डेलीगेट्स के रूप में मंच पर मौजूद थे। ट्रंप के विश्वासपात्र कुश पटेल, इस वर्ष कंवेंशन के उप–संचार निदेशक कुश देसाई, मिशिगन के वेन स्टेट यूनिवर्सिटी के बोर्ड आफ गवर्नर्स के उम्मीदवार सन्नी रेड्डी और सैम मैथ्यू भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। भारतीय मूल के अटार्नी हरदम त्रिपाठी फ्लोरिडा से एक अल्टरनेट डेलीगेट्स के रूप में भाग ले रहे हैं। विवेक रामास्वामी और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली को भी सम्मेलन को संबोधित करना है।

### मैक्रों ने स्वीकार किया प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल का इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल का इस्तीफा मंगलवार को स्वीकार कर लिया, लेकिन उन्हें कार्यवाहक सरकार का प्रमुख बनाए रखा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मैक्रों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा ष्स्वीकारष् कर लिया। बयान में कहा गया है कि एटल और सरकार के अन्य सदस्यों को नई सरकार नियुक्त होने तक मौजूदा मामलों को संभालना है। मैक्रों नए प्रधानमंत्री का नाम कब घोषित करेंगे, इसके लिए कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। फ्रांस इस महीने के आखिर में पेरिस ओलंपिक खेल की मेजबानी करने जा रहा है। चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद एटल ने पिछले सप्ताह अपना इस्तीफे दे दिया। मैक्रों ने उनसे अगले निर्णय तक अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने को कहा। फ्रांस में इस महीने के शुरू में हुए संसदीय चुनाव में किसी भी दल या गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। न्यू पॉपुलर फ्रंट वामपंथी गठबंधन ने सबसे ज्यादा सीट जीती हैं, लेकिन वह बहुमत हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी को लेकर फ्रांस में तकरार बढ़ सकती है। वामपंथी गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां अपने प्रत्याशी को आगे कर रही हैं।

## इजरायल ने स्कूल समेत पूरे गाजा में किए हवाई हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा। इजरायली सेना ने कहा है कि मंगलवार को गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में हमास लड़ाकों से भीषण लड़ाई हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लड़ाके मारे गए हैं। वहीं, फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा दक्षिण व मध्य गाजा में भीषण बमबारी से कम से कम 60 फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं, इनमें एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए 16 शरणार्थी भी शामिल हैं।

हमास ने आरोप लगाया है कि इजरायल इस तरह हमले कर गाजा युद्धविराम वार्ता को पटरी से उतारना चाहता है, जबकि इजरायल ने कहा है कि वह हमास लड़ाकों को जड़ से उखाड़ने की कोशिश कर रहा है।

फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि इजरायल ने गाजा की दक्षिणी सीमा पर रफाह में मई से अभियान चला रखा है। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में मंगलवार को भी एक घर पर हुए हमले में एक व्यक्ति व उसकी पत्नी और दो बच्चों समेत पांच लोगों की जान चली गई। इसके बाद खान यूनिस में ही एक कार पर हुए हमले में 17 फलस्तीनियों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हुए हैं। यह खान यूनिस के बाहर सेना द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में स्थित है।



## पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण 40 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में भारी बारिश हो रही है। जिसके कारण बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। वहीं, तालिबान अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण कम से कम 40 लोग मारे गए हैं और लगभग 350 अन्य घायल हो गए हैं। प्रांतीय प्रवक्ता सेदिकुल्लाह कुरैशी के अनुसार, सोमवार को आए तूफान में मारे गए लोगों में एक ही परिवार के पाँच सदस्य शामिल हैं। भारी बारिश के कारण सुर्ख रोड जिले में एक घर की छत गिर गई। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान अमर ने कहा कि 347 घायल लोगों को नांगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद और आसपास के जिलों से नांगरहार के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था।

## बांग्लादेश सरकार ने बंद किया विश्वविद्यालय और कॉलेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ जबरदस्त विरोध–प्रदर्शन लगातार जारी है। हजारों छात्र सड़कों पर उतरकर आरक्षण खत्म करने की मांग कर रहे हैं। आरक्षण के खिलाफ जारी इस प्रदर्शन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पुलिस के साथ झड़प में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल बताए जा रहे हैं। हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं कि ढाका सहित बांग्लादेश के अलग–अलग शहरों में स्कूल–कॉलेज और मदरसे बंद करने पड़े हैं।

दक्षिण एशियाई राष्ट्र में सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में कोटा को लेकर कई सप्ताह से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान से 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण शामिल है। इस आरक्षण के कारण छात्रों में गुस्सा है। कुल 170 मिलियन लोगों में से लगभग 32 मिलियन युवा बांग्लादेशी काम या शिक्षा से वंचित हैं।

■पुलिस ने छात्रों पर किया रबर की गोलियों का इस्तेमाल

प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा चल रही अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने से इनकार करने के बाद प्रदर्शन और तेज हो गए हैं। इस दौरान कोटा का विरोध करने वालों को रजाकार करार दिया। यह शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग किया जाता है, जिन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना के साथ कथित रूप से सहयोग किया था। इस हफ्ते विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए जब देश भर में हजारों आरक्षण विरोधी प्रदर्शनकारियों की सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी की छात्र शाखा के सदस्यों के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए रबर की गोलियां और आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम बांग्लादेश सरकार से तत्काल सभी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा और सभी घायलों के समुचित उपचार की गारंटी देने की मांग करते हैं।

### याह्या सिनवार पर युद्ध खत्म करने का दबाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल पर हमास ने 9 महीने पहले हमला किया था। इस हमले के बाद से ही इजरायल और हमास का युद्ध शुरू हो गया। दुनिया भर में इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। लेकिन अब यह बात भी सामने आ रही है कि युद्ध के कारण हमास लीडरशिप भी परेशान हो गई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक बिल बर्न्स ने शनिवार को बंद कमरे में आयोजित सम्मेलन में बताया कि सीआईए का आकलन है कि गाजा में हमास के नेता याह्या सिनवार पर उसके ही सैन्य कमांडर लगातार दबाव बना रहे हैं। यह दबाव युद्धविराम समझौते को स्वीकार करने और इजरायल के साथ युद्ध खत्म करने को लेकर है। सीएनएन ने सम्मेलन में भाग लेने वाले एक सूत्र के हवाले से कहा।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कांवड़ यात्रा पर चलेगी स्पेशल ट्रेनः डीआरएम

हरेला पर्व

## मंडल रेल प्रबंधक ने ऋषिकेश में योगनगरी रेलवे स्टेशन का किया सघन निरीक्षण



संवाददाता

ऋषिकेश। मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद राजकुमार सिंह ने बुधवार को कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ऋषिकेश में योगनगरी रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरएम ने जहां रेलवे स्टेशन पर साफ–सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाएं 21 जुलाई तक दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं श्यामपुर रेलवे फाटक पर क्षतिग्रस्त सड़क की जल्द मरम्मत कराने की बात भी कही।

डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को खासकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। कहा कि कांवड़ यात्रा पर स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा। 29 जुलाई से ऋषिकेश हरिद्वार–दिल्ली कांवड़ स्पेशल ट्रेन चलाई जायेगी, जो दिल्ली, शामली, हरिद्वार होते हुए ऋषिकेश पहुंचेगी। चार अगस्त तक प्रतिदिन ट्रेन का संचालन होगा। उन्होंने श्यामपुर रेलवे फाटक का भी निरीक्षण किया। कहा कि रेलवे फाटक पर बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की जायेगी। कांवड़ से पहले सड़क ठीक हो जायेगी। करीब एक घंटे तक निरीक्षण करने के बाद वह हरिद्वार के लिये रवाना हो गये। इस दौरान प्रबंधक आदित्य गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**ऋषिकेश से प्रतिदिन चलेगी ट्रेनः** ऋषिकेश–हरिद्वार–दिल्ली कांवड़ स्पेशल ट्रेन 29 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगी। 04429 दिल्ली से सुबह छह बजे चलकर शामली रेलवे स्टेशन पर रात्रि 8.30 बजे पहुंचेगी। शामली रेलवे स्टेशन से रात्रि 9 बजे हरिद्वार होकर ऋषिकेश आएगी। ऋषिकेश से रात्रि 8रू35 बजे यह ट्रेन हरिद्वार के लिए रवाना होगी। हरिद्वार से चलकर यह स्पेशल ट्रेन शामली रात्रि 2रू25 बजे जबकि शामली से चलकर यह ट्रेन दिल्ली तड़के 4रू15 पर पहुंचेगी।

## न्यूज डायरी

### कमिश्नर ने पीड़ित को जमीन खरीद के 34 लाख रुपये दिलाए

**संवाददाता** हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में बुधवार को जमीन के मामले में तलब किए गए दोनों पक्षों को सुना। उन्होंने पीड़ित पक्ष को जमीन खरीद के लिए दिए गए 34 लाख रुपये वापस दिलाए। जमीन खरीद का पैसा वापस मिलने पर रामनगर निवासी अब्दुल मुस्तफा ने कमिश्नर का आभार जताया। कुमाऊं कमिश्नर को पिछली जनसुनवाई के दौरान रामनगर, खताड़ी निवासी अब्दुल मुस्तफा ने शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि उनको अरुण कुमार मासीवाल, जगदीश कुमार मासीवाल, योगेश मासीवाल, नरेन्द्र मासीवाल, निवासी उदयपुरी चौपड़ा ने अपनी भूमि के साथ ही सरकारी भूमि भी अनुबंध कर 34 लाख रुपये में बेच दी थी। 34 लाख का भुगतान करने के बाद उन्हें पता चला कि उन्होंने जो जमीन खरीदी थी वह सरकारी है।

### जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने लॉन्च किया गुलिस्तान कच्ची घानी सरसों का तेल

**संवाददाता** देहरादून। जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड (बीएसईरू 531449, एनएसईरू जीआरएमओवर), भारत के अग्रणी बासमती चावल निर्यातकों में से एक और भारत की प्रमुख खाद्य एफएमसीजी कंपनी, ने अपने 10एक्स ब्रांड पोर्टफोलियो के तहत गुलिस्तान कच्ची घानी सरसों का तेल लॉन्च किया है। 1 लीटर की बोतलों और 5 लीटर के जार में उपलब्ध यह सरसों का तेल पूरे देश में मिलेगा। गुलिस्तान कच्ची घानी सरसों के तेल का लॉन्च जीआरएम ओवरसीज की सहायक कंपनी जीआरएम फूड क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड (जीएफके) के उत्पाद नेटवर्क को मजबूत करने के का हिस्सा है। ब्रांडेड सरसों के तेल के रिटेल बाजार अगले पांच वर्षों में 11 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।

### जेडएस ईवी की बिक्री तिमाही आधार पर 95 प्रतिशत बढ़ी

**संवाददाता** देहरादून। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली शुद्ध इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी जेडएस ईवी के माध्यम से अपनी एनईवी (न्यू एनर्जी व्हीकल) यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जेडएस ईवी ने अबतक की सबसे ज्यादा मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। जेडएस ईवी की बिक्री 2024 की पहली तिमाही की तुलना में 2024 की दूसरी तिमाही में 95 प्रतिशत बढ़ी है, जो भारत में ईवी खरीदारों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय है कि, जून में कंपनी की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही, जो एमजी ईवी की बढ़ती मांग और अधिक ग्राहक स्वीकृति और संतुष्टि और जेडएस ईवी की ओर आकर्षणको उजागर करती है।

## नगर निगम स्मार्ट सिटी का सफाई मॉडल अपनाने को तैयार

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, सफाई वाहनों की मॉनीटरिंग के लिए तैयार सफाई मॉडल को अपनाने के लिए तैयार है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि जल्द स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ इसे लेकर बैठक होगी। ताकि व्यवस्था लागू हो सके। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से आईटी पार्क में डीआईसीसीसी स्थापित किया गया है। करीब तीन सौ करोड़ के लागत से बनी इस बिल्डिंग के जरिए विभिन्न विभागों के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाया गया है, ताकि सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जनता को मिल सके। ट्रैफिक कंट्रोल और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने में यहां से बड़ी मदद मिल रही है। नगर निगम के सौ वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और सफाई वाहनों की निरंतर मॉनीटरिंग करना इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर स्मार्ट सिटी ने निगम के लिए नए सफाई वाहन खरीदे। विशेष तौर पर एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया। लेकिन दो साल पहले नगर निगम ने इसमें खामियां गिनाकर कुछ बदलाव की मांग की। इसके बाद स्मार्ट सिटी की टीम ने सफाई मॉडल में कुछ बदलाव भी किए, बावजूद अब तक निगम ने इसे नहीं अपनाया। जबकि सॉफ्टवेयर पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम को स्मार्ट सिटी के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।



## पुरोला में चलाया गया पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान

**संवाददाता** पुरोला। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण महिला स्वास्थ्य चेतना एवं स्वरोजगार विकास समिति के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम के तहत विकास खण्ड पुरोला के ग्राम पंचायत करडा,मैराणा,रतेडी, छिवाला आदि गांव में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण जागरुकता अभियान चलाया गया। सभी ग्रामीणों एवं महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ नींबू,आवंला, देवदार,बांज,भीमल, खडीक आदि कई प्रजाति के चारापत्ती व छायादार पौधों का रोपण कर जल,जंगल व जमीन के संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था की मुख्य अनुसंधानकर्ता कुमारी दिव्या बिजल्वाण ने बदलते हुए मौसम जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर इसी तरह से हालात रहे तो आने वाले भविष्य में हम सुरक्षित नहीं हैं व हम आने वाली पीढ़ियों को खतरनाक दौर से गुजरना पड़ेगा।

# सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप

■संयुक्त किसान मोर्चा ने हरिद्वार सांसद से लगाई गुहार

संवाददाता।

डोईवाला। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत से मुलाकात की। उन्होंने वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने और किसानों की एमएसपी सहित अन्य मांगों पर कार्यवाही करने की मांग की।

बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रदेश संयोजक गंगाधर नौटियाल ने कहा कि लंबे समय से किसानों की मांगों की उपेक्षा सरकार द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि चांडी प्लांटेशन, बाल कुआंरी, सत्तीवाला गांव सहित पांच वन ग्रामों को उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजस्व ग्राम घोषित किया गया, लेकिन उनकी अधिसूचना जारी नहीं की गई। जिससे अभी तक इन सभी ग्रामों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने एमएसपी की कानूनी गारंटी, बिजली संशोधन बिल वापस लेने, बिजली क्षेत्र का निजीकरण तथा प्रीपेड मीटर नहीं लगाने, ऋणग्रस्त किसानों एवं खेतिहर मजदूरों की आत्महत्याओं एवं पलायन को रोकने के लिए सर्व समावेशी ऋण माफी योजना लागू करने, कृषि में उपयोग होने वाले यंत्रों एवं उर्वरकों पर जीएसटी ना लगाने, मनरेगा में मजदूरी बढाकर 600 रूपए प्रतिदिन करने, किसान आंदोलन में मृत किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा देने, किसानों पर हुए झूठे मुकदमों को वापस लेने आदि की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संयोजक गंगाधर नौटियाल, ताजेंद्र सिंह, उत्तराखंड किसान सभा कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद देवली, किसान सभा जिला अध्यक्ष दलजीत सिंह, याकूब अली, कृषक फेडरेशन के अध्यक्ष उमेद बोरा, सरजीत सिंह, जगजीत सिंह, सिंगाराम, ध्यान सिंह, बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**संवाददाता** उत्तरकाशी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली के बौराड़ी में बनाया जा रहा केदारनाथ मंदिर के प्रतिकृति को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेसियों ने मंदिर निर्माण के विरोध में हनुमान चौक पर एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में हनुमान चौक पर एकत्रित हुए। जहां पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली ट्रस्ट द्वारा दिल्ली के बोराड़ी में बनाया जा रहा केदारनाथ मंदिर प्रतिकृति के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में कमल रावत, मीना नौटियाल,विजय सेमवाल ,कविता जोगिला, दिवाकर भट्ट,राखी राणा, नैन सिंह बिष्ट , सतीश गुसांई, सुरेंद्र पाल , सूरज, संतोष भंडारी, आशीष नेगी, हरीश रावत आदि मौजूद रहे।

# युद्ध हल नहीं

**पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है।**

गुलशन राय खत्री।।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा से न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती मिली है, युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का स्पष्ट रुख भी एक बार फिर प्रभावी ढंग से रेखांकित हुआ है।

पीएम मोदी की इस यात्रा को लेकर दुनिया भर में कितनी उत्सुकता थी इसका अंदाजा विभिन्न देशों की प्रतिक्रियाओं से भी मिलता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके थे। अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी। खुद पीएम मोदी ने भी राष्ट्रपति पूतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं।

मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत ने शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा।



इसके बावजूद यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, पीएम मोदी ने पूतिन के साथ बातचीत में पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह पीएम मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पूतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है। कुल मिलाकर पीएम मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी।

## संदेश

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** काजल आँख मींचते हुए कहती है, "पता नहीं कैसे? इतनी ज्यादा नींद लग गई कि आपकी आवाज सुनाई ही नहीं दी। राहुल अपना सामान रखकर, बाथरूम में फ्रेश होने चला जाता है। उसी समय राहुल के मोबाइल में एक मैसेज आता है। काजल की नजर, अचानक मोबाइल पर पड़ती है, उसमें दिल के निशान के साथ, प्यार भरा संदेश दिखाई देता है। मैसेज (संदेश) देखते ही, काजल के रोम रोम में, आग लग जाती है, क्योंकि वह अपने पति से बहुत प्यार करती थी और यदि वह बेवफा निकले तो, उसे बर्दाश्त नहीं होगा। काजल की आँखों से, आँसू निकल आते हैं। उसी समय राहुल बाथरूम से बाहर निकल आता है। काजल तुरंत उसका फोन रख देती है और अपने आपको काबू में करके, अपने कमरे में चली जाती है। वह सोच रही थी कि, अगर राहुल उसे खुद इस मैसेज के बारे में बताएगा, तो ठीक है, नहीं तो वह इसके बारे में, कभी बात नहीं करेगी और उसकी जिंदगी से हट जाएगी। ... शेष कल

## संपादकीय

### भारत का कद बढ़ा

असल में विकसित और विकासशील देशों के बीच भारत का कद ऊंचा हुआ है, जो पाकिस्तान और चीन को रास नहीं आ रहा। वे अपनी शर्तों और भारत की सम्प्रभुता को चोट पहुंचाकर भारत से रिश्ते बेहतर करना चाहते हैं, जो मोदी सरकार को मंजूर नहीं है। लेकिन सच यह भी है कि इन दोनों देशों के साथ संबंध सामान्य हो जाएं तो विश्व रंगमंच पर भारत की राह कहीं आसान हो जाएगी। अपने पिछले कार्यकालों में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन और पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने के लिए कई अहम पहल की, लेकिन दोनों देशों के अड़ियल रवैये ने इस पर पानी फेर दिया। इसके बावजूद मोदी को इस दिशा में प्रयास करते रहना चाहिए। अगर वह इसमें कामयाब हुए तो यह भारतीय कूटनीति की बड़ी जीत होगी। दरअसल, भारत के लिए विश्व मित्र बनने से अधिक पड़ोसी मित्र की छवि मायने रखती है।

हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक चीन की बढ़ती दादागीरी से मुकाबला करने के लिए अमेरिका व यूरोपीय देशों को भारत का साथ चाहिए।

# संतुलित नीति

रंजीत कुमार।।

प्रधानमंत्री पद संभालने के तुरंत बाद नरेन्द्र मोदी ने ळ7 शिखर बैठक में शामिल होने के साथ वैश्विक रंगमंच पर शानदार आगाज किया। इसके तीन सप्ताह बाद वह शांघाई सहयोग संगठन की अस्ताना, कजाकस्तान में 3–4 जुलाई को आयोजित हो रही शिखर बैठक में शामिल होंगे। अमेरिकी खेमे के संगठन जी7 में भाग लेने के एक महीने के भीतर अमेरिका विरोधी चीन और रूस की अगुआई वाले एससीओ में उनकी भागीदारी रोचक होगी।

दो विरोधी गुटों की शिखर बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय हितों को साधने के इरादे से भारतीय कूटनीति को संतुलन देने की कोशिश करेंगे। सच यह भी है कि भारत को दोनों खेमों के देश अपने पाले में खींचने में लगे हैं। लेकिन मोदी ने राष्ट्रीय हितों को देखते हुए जी7, क्वॉड, ब्रिक्स, एससीओ से रिश्ते बनाए हैं। इससे विश्व रंगमंच पर देश की अहमियत तो बढ़ी है, लेकिन भारतीय कूटनीति की सबसे बड़ी सफलता सभी पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते मधुर बनाने में ही मानी जाएगी।

तीसरा कार्यकाल संभालने से पहले जिस तरह अमेरिका, रूस और कई यूरोपीय नेताओं ने मोदी को फोन कर बधाई दी और जिस तरह चीन और पाकिस्तान के नेताओं ने उन्हें नजरअंदाज किया,



उससे पता चलता है कि जहां भारत को बड़ी ताकतें अपनी ओर आकर्षित करना चाहती हैं, वहीं कुछ पड़ोसी देश उससे अदावत रखते हैं। ऐसे में मोदी के लिए पड़ोसी देशों के साथ सामान्य रिश्ते बनाए रखना बड़ी चुनौती है।

विश्व रंगमंच पर मोदी की अहमियत इसलिए है कि अमेरिका व विकसित यूरोपीय देशों का चीन से मोहभंग हो चुका है। साथ ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसकी विकास की गति काफी तेज है। भारत विकसित देशों के उच्च तकनीक वाले औद्योगिक उत्पादों का बड़ा बाजार भी है। इसलिए अमीर देशों के लिए वह मजबूरी भी है। हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक चीन की बढ़ती दादागीरी से मुकाबला करने के लिए अमेरिका व यूरोपीय देशों को भारत का साथ चाहिए। भारत का हित भी इसी में है कि वह इन इलाकों में चीन पर अंकुश लगाने के लिए अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया आदि के साथ सामरिक तालमेल बनाए रखे। लेकिन अमेरिका दादागीरी दिखाकर जिस तरह प्रतिबंधों की राजनीति करता है, उससे भारत के लिए न केवल अपने पारम्परिक मित्र रूस के साथ सामान्य आर्थिक व कूटनीतिक रिश्ते बनाने में बाधाएं आती हैं बल्कि ईरान व मध्य एशिया के साथ भी संबंधों में अड़चनें खड़ी होती हैं।

एक बात यह भी है कि अमेरिकी खेमे के देशों में अलगाववादी खालिस्तान आंदोलन को जिस तरह से खाद–पानी मिल रहा है, वह भारत के लिए चिंताजनक है। अमेरिका में इन तत्वों को लेकर उसके साथ भारत के संबंधों में तल्खी आई है। कनाडा के साथ इस मुद्दे पर रिश्ते कटुतापूर्ण हो गए हैं। इन देशों को समझना चाहिए कि वे भारत को सामरिक साझेदार बताते हैं। वहीं, भारत विरोधी और इसके विघटन की मंशा रखने वाले तत्वों को उन्होंने अपने यहां खुली छूट दी हुई है। भारत के लिए इसे मंजूर करना असंभव है। नरेन्द्र मोदी के सामने बड़ी कूटनीतिक चुनौती है कि विदेशी धरती पर इन अलगाववादी तत्वों को संरक्षण देने वाली ताकतों पर कैसे लगाम लगाई जाए।

### अष्टयोग-5052

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 1 | | 3 | 4 |
| 2 | 33 | | 34 | | 30 | |
| 3 | 5 | 4 | | 7 | | 2 |
| | 36 | | 32 | | 23 | 6 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | |
| 1 | | 3 | | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5051 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### मुक्तकंठ प्रशंसाए

**मोहन।** अवध की गंगा–जमुनी तहजीब के कद्रदानों ने उसकी झोली में बेशुमार प्रशंसाएं डाल रखी हैं। इतनी मुक्तकंठ प्रशंसाएं कि किसी भी अन्य तहजीब को उससे ईर्ष्या होने लग जाए। लेकिन वक्त के साथ इस खुशकिस्मती से एक बदकिस्मती भी आ जुड़ी है। बदकिस्मती यह कि उसके एक हिस्से का इन प्रशंसाओं को अदब के साथ सिर झुकाकर यानी विनम्र स्वाभिमान के साथ स्वीकार करने का अभ्यास जाता रहा है। इसलिए वह फूलकर कुप्पा तो हुआ ही रहता है, खुद को अहमन्य होने से भी नहीं बचा पाता। साफ कहें तो इस अहमन्यता ने उसमें इतना सुपीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स भर दिया है कि वह 'हमचुनी दीगरे नेस्त' (मुझ जैसा दूजा नहीं) से आगे जाना या देखना ही गवारा नहीं करता। भले ही उसकी (गंगाजमुनी) तहजीब के निरालेपन की इमारत को बुलंद रखने के लिए रेती–पानी, सुर्खी–चूना व ईंट–गिट्टी ढोने और रंग–रोगन, नक्काशी व संगतराशी करने वाले तक उसके 'विक्टिम' (पीड़ित) बनकर रह जाएं।





## मुन्ना भैया की आत्मा माफ नहीं करेगी सीएम साहिबा

लंबे इंतजार के बाद मिर्जापुर 3 हाल ही में 5 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज हुआ। इसी के साथ इस सीजन को लेकर मिला–जुला रिएक्शन लोगों ने दिया। हालांकि, जहां इस सीजन में मुन्ना भैया के किरदार की कमी लोगों को खली वहीं उनकी पत्नी के किरदार में सीएम की कुर्सी पर माधुरी भाभी यानी ईशा तलवार ने खूब रौनक बिखेरी। माधुरी भाभी ने मिर्जापुर की गद का वर्चस्व ही खत्म करने की ठान ली और इसके लिए उन्होंने सही–गलत सबकुछ किया है। अब इस वक्त उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। ईशा तलवार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये वीडियो शेयर किया है जिसमें वह नदी के बहते पानी में लेटी हुई और नहाती दिख रही हैं। ठंडे पानी की धार का लुत्फ उठातीं माधुरी भाभी को यूं देखकर लोगों ने भी काफी सारे कॉमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है– गद्दी का वर्चस्व खत्म करने के बाद सीएम साहिबा। एक और ने कहा– सुबह–सुबह नहाने चली गई, बह मत जाना नहीं तो सरकार गिर जाएगी। वहीं कुछ ने कहा है– मुन्ना भैया का सदमा? एक ने सवाल पूछा है– कानों में पानी नहीं जाता ऐसा करने से? वहीं कुछ ने सीजन में बदलते रिश्ते को लेकर कहा है– शरद शुक्ला के इतने करीब क्यों जाते हो, मुन्ना भैया की आत्मा माफ नहीं करेगी आपको। एक ने लिखा–माधुरी भाभी से चक्कर, मतलब मौत से टक्कर।

## फिल्म किंग में शाहरुख खान से भिड़ते दिखेंगे अभिषेक बच्चन

सुजॉय घोष की डायरेक्टेड और सिद्धार्थ आनंद–गौरी खान की प्रोड्यूस्ड फिल्म किंग लंबे समय से चर्चा में है। इसमें शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान साथ में नजर आएंगे। एक्टर जबरदस्त एक्शन सीन्स करते दिखेंगे, जो वास्तविक होंगे। इसके लिए विदेशी स्टंट एक्सपर्ट्स की मदद ली गई है। उनसे ट्रेनिंग भी ली जा रही है। इस मूवी में दो कलाकारों के नाम तो पहले से कंफर्म थे। मगर अब एक और नाम जुड़ गया है। अमिताभ बच्चन ने इस बात की पुष्टि की है कि अब शाहरुख खान और सुहाना खान स्टारर फिल्म किंग में उनके सुपुत्र और एक्टर अभिषेक बच्चन भी होंगे। वह इस मूवी में वह विलेन के रोल में होंगे। हालांकि बीच में ये खबर थी कि शाहरुख खान विलेन बनेंगे। लेकिन अब अभिषेक के बारे में ये दावा किया गया है। दरअसल, अमिताभ बच्चन ने एक्स हैंडल पर एक फैन की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट शेयर की है। इसमें बताया है कि अभिषेक, फिल्म झपदह में नेगेटिव रोल निभाएंगे।

## किम कार्दशियन ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ दिया अजीब पोज



अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12–14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। किम कार्दशियन की इंस्टाग्राम पोस्ट, जो अब उनके अकाउंट पर गणेश की मूर्ति की तस्वीर के बिना दिखाई दे रही है, उसमें उनका देसी लुक अच्छा दिख रहा है। उनके कैप्शन में लिखा है, अंबानी की शादी के लिए हीरे और मोती। लेकिन लोगों की पारखी नजर ने उस फोटो को भी संभालकर रख लिया और अब तो ये वायरल हो गया है। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में किम की फोटो शामिल थी, जिसमें वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया– भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।

# ब्रेस्ट कैंसर की जंग में एक्ट्रेस को आ रही है पिता की याद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता हैश में अपने किरदार के लिए मशहूर हिना खान स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में इस बीमारी का खुलासा किया था, जिसके बाद हर कोई उनके लिए परेशान हो गया था। डायग्नोसिस की जानकारी के बाद वह फैंस को सोशल मीडिया पर अपना लगातार हेल्थ अपडेट दे रही हैं। अब कीमो पर जाने से लेकर पहले शूट पर लौटने तक की खबर, उन्होंने इंस्टाग्राम पर दी थी। अब उन्होंने अस्पताल से एक और फोटो शेयर की है। जिसे देख हर कोई दुआ कर रहा है।*

**लेटी हिना खान ने शेयर की फोटो**

नागिन फेम हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, बस एक और दिन, दुआ करिए। इस तस्वीर में हिना खान अस्पताल के बेड पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट की हर अपडेट अभी तक सोशल मीडिया पर दी है। हालांकि बीते एक पोस्ट में उन्होंने कहा था कि वह इलाज करवा रही हैं लेकिन हमेशा अस्पताल में नहीं रहती हैं।

**हिना खान को आई पिता की याद**

हिना खान ने इससे पहले अपने पिता के साथ की तस्वीरों के कोलाज का एक फोटो फ्रेम शेयर किया था। इसमें उन्होंने लिखा था, मिस यू। एक्ट्रेस इस जंग में अपने पिता को तहे दिल से याद कर रही हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, वह उनके साथ नहीं। इस



पोस्ट में एक्ट्रेस के हाथ पर सफेज रंग की पट्टी लगी थी। जो ड्रिप हटने के बाद लगाई जाती है।

**हिना खान की मां को लगा था गहरा सदमा**

इसके पहले एक्ट्रेस ने अपनी मां के साथ पांच तस्वीरें पोस्ट की थीं। जो उस दिन की थीं, जब उन्हें बेटी के कैंसर का पता चला था। हिना खान ने बताया था कि उनकी मां को बहुत सदमा लगा था। लेकिन उन्होंने अपने दर्द को भुलाकर, बेटी का साथ दिया और उनकी ढाल बनीं। उनका सहारा बनने और दुख भूलने का तरीका तलाश लिया। एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल ने भी हिना की तीन तस्वीरें शेयर की थीं, और बताया था कि वह उनका पसंदीदा खाना पका रहे हैं।

# कटरीना कैफ के 41वें बर्थडे पर पति विक्की ने उड़ेल दिया सारा प्यार

*कटरीना कैफ 16 जुलाई को अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं। उनके पति विक्की कौशल ने उनके इस खास दिन पर उनके लिए स्पेशल पोस्ट शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस खुशी के मारे दीवाने हो गए हैं। खासकर विक्की का कैप्शन लोगों का दिल जीत रहा है।*



कटरीना कैफ 16 जुलाई को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस के लिए प्यार का सैलाब उमड़ रहा है। करीना कपूर से लेकर अनन्या पांडे तक, कई बॉलीवुड सेलेब्स ने टाइगर 3 की एक्ट्रेस के लिए हार्दिक शुभकामनाएं पोस्ट की हैं। दूसरी ओर, उनके प्यारे पति विक्की कौशल ने अपनी पत्नी के लिए सबसे खूबसूरत और रोमांटिक पोस्ट शेयर की, जिसने लोगों का दिल जीत लिया है।

**8 फोटोज में दिखाए जिंदगी के सबसे खूबसूरत पल**

16 जुलाई को, कुछ समय पहले ही विक्की कौशल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी पत्नी कटरीना कैफ के साथ तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की। अपनी प्यार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, विक्की कौशल ने लिखा, तुम्हारे साथ यादें बनाना मेरे जीवन का सबसे पसंदीदा हिस्सा है। जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यार।

**सेलेब्स ने भी दी बधाई**

आयुष्मान खुराना और राशि खन्ना जैसी साथी हस्तियों ने कटरीना को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में कैटरीना को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और दोनों के रिश्ते की खूब तारीफ की। एक फैन ने लिखा, श्केवल वही पोस्ट जो मुझे जला सकती है।

**तीन साल पहले हुई शादी**

दिसंबर 2021 में एक भव्य लोकेशन पर शादी करने वाला यह जोड़ा बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक रहा है। वर्कफ्रंट पर, विक्की अगली बार तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज में दिखाई देंगे। यह फिल्म 19 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

# मोम की तरह पिघलेगी चर्बी, थुलथुल पेट होगा अंदर

*अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं और आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। यहां हम एक ऐसा तरीका बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से आप अपना थुलथुल पेट अंदर कर सकते हैं।*



क्या आपके पास एक्सरसाइज के लिए समय नहीं है और आप फिट भी रहना चाहते हैं, तो ऐसे में कभी भी कर लेने वाली एक ऐसी एक्टिविटी है, जो आपको फिट रखने के साथ पतला भी करेगी। यह एक्टिविटी है सीढ़ी चढ़ना। सीढ़ी चढ़ना–उतरना सेहत के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। इसके फायदों के बारे में यहां जानिए।

**हार्ट हेल्थ के लिए बेस्ट**
सीढ़ियां चढ़ना एक कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज भी है, जो आपके ह्रदय को मजबूत बनाती है और ब्लड फ्लो को अच्छा बनाती है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है और ह्रदय स्वस्थ रहता है।

**कैलोरी बर्न होती है**
सीढ़ियां चढ़ने से ज्यादा और फास्ट कैलोरी बर्न होती है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।सीढ़ियां चढ़ने से आपके शरीर का निचला हिस्सा टोन होता है।

**मेंटल हेल्थ के लिए बेस्ट**
मेंटल हेल्थ को अच्छा बनाए रखने के लिए सीढ़ी चढ़ना अच्छा रास्ता हैं। सीढ़ियां चढ़ने बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और एड्रेनालाईन हार्मोन का लेवल इंक्रीज होता है, जिससे आप फ्रेश महसूस करते हैं।

**हड्डियों के लिए फायदेमंद**
सीढ़ी चढ़ना हड्डियों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि सीढ़ियों पर चढ़ने की वजह से हड्डियों का डेंसिटी बढ़ती है, जिससे हड्डियों को मजबूती मिलती है। यही नहीं सीढ़ियों पर चढ़ने और उतरने की वजह से ऑस्टियोआर्थराइटिस का खतरा भी कम हो सकता है।

**मसल्स टोंड होती हैं**
मसल्स टोंड करने के लिए सीढ़ी चढ़ना एक अच्छी एक्सरसाइज है, विशेष रूप से पैरों, जांघों और नितंबों की मांसपेशियों के लिए। शुरुआती दिनों में थोड़ी कठिनाई हो सकती है। लेकिन प्रैक्टिस के बाद आप आसानी से सीढ़ियां चढ़ सकते हैं।



## डायबिटीज मेलिटस और डायबिटीज इन्सिपिडस के बीच अंतर जान लो

भारत में डायबिटीज एक गंभीर समस्या है। भारत में इससे पीड़ित मरीजों की संख्या करोड़ों में है। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की रिपोर्ट की मानें तो साल 2019 तक भारत में डायबिटीज के करीब 77 मिलियन मरीज थे। आमतौर पर आपने डायबिटीज के बारे में खूब सुना होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि डायबिटीज मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है। डायबिटीज मेलिटस और डायबिटीज इंसिपिडस। ये दोनों क्या हैं और इनमें क्या अंतर है, आज यहां जानने की कोशिश करेंगे। डायबिटीज मेलिटस को आमतौर पर मधुमेह के रूप में अधिक जाना जाता है। यह एक तरह की क्रोनिक कंडीशन है जो हाई ब्लड शुगर से उत्पन्न होता है। यह तब होती है, जब आपका अग्न्याशय आपके रक्त में ग्लूकोज या चीनी की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता है। डायबिटीज इन्सिपिडस एक रेयर कंडीशन है जिसका पैंक्रियाज या ब्लड शुगर से कोई लेना–देना ही नहीं होता है। ऐसा तब होता है जब आपके किडनी में बहुत अधिक मात्रा में पेशाब का उत्पादन होता है। यह हार्मोनल असामान्यता के कारण होता है। डायबिटीज इन्सिपिडस, एन्टिडाययूरेटिक हार्मोन की कमी के कारण होता है, जिसे पिट्यूटरी ग्लैंड बनाती है। जबकि, डायबिटीज मेलिटस शरीर में इंसुलिन हार्मोन के असंतुलन के कारण होता है। दोनों में दूसरा बड़ा अंतर यह है कि डायबिटीज इन्सिपिडस में किडनी शामिल होती है। वहीं डायबिटीज मेलिटस में पैंक्रियाज अंग शामिल होते हैं।

## केला छोड़ो उसका तना खाना शुरू कर दो, बाहर आएगी गंदगी

केला एक फल और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। हम आपको बता दें कि केवल केले के पेड़ का फल ही नहीं बल्कि केले के तने का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हो सकता है। इसमें कई प्रकार के पोषक तत्व होते हैं, जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में मदद करते हैं। केले के तने का सेवन आप जूस, सूप, सब्जी और सलाद कई तरह से कर सकते हैं। इसका जूस और सूप काफी फायदा करता है। आइए केले के तने के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं। केले का तना ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल में तेजी से वृद्धि नहीं होती है। बॉडी डिटॉक्स करने के लिए केले का तना काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में मदद करता है। इसमें फाइबर की उच्च मात्रा आंतों को साफ करने और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में सहायक होती है।

## यूरिक एसिड नहीं बढ़ने देती किचन में रखी ये चीजें, जोड़ों का दर्द होगा तुरंत छूमंतर!



जोड़ों में तेज दर्द और सूजन कई बार बढ़े हुए यूरिक एसिड के कारण होता है। यह समस्या काफी परेशान करती है और इसके कारण आपका दैनिक जीवन भी काफी प्रभावित होता है। इस समस्या में घरेलू उपचार बहुत काम आते हैं, जैसे कि हल्दी, सोंठ और मेथी। ये तीनों औषधियां अपने प्राकृतिक गुणों से यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। तो आइए इसके उपयोग और बनाने का तरीका जानते हैं। इसे बनाने के लिए बराबर मात्रा में हल्दी पाउडर, सोंठ पाउडर और मेथी दाने का पाउडर लें। अब इन तीनों सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयरटाइट कंटेनर में रख लें।इस मिश्रण का एक चम्मच रोज सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के साथ लें। यह सूजन को कम करने और यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। क्योंकि हल्दी में करक्यूमिन नामक गुण होता है, जो एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। मेथी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी.इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, जिससे यूरिक एसिड की समस्या भी कंट्रोल होती है। वैसे तो इसका कोई नुकसान नहीं है, लेकिन यदि आप पहले से ही किसी बीमारी से परेशान हैं, तो इस मिश्रण का सेवन शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करना उचित होगा विशेषकर यदि आप किसी गंभीर समस्या से ग्रस्त हैं।

# बारिश के मौसम में जहर बन जाते हैं फूड, खाने से होता है पछतावा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बरसात के मौसम में भोजन का काफी ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान कुछ चीजें खाने से तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ सकती है। कुछ चीजें हेल्दी दिखती हैं मगर इनकी वजह से बार–बार बीमारी होती रहती है। हेल्थ एक्सपर्ट मानसून में खाने की साफ सफाई को लेकर काफी सावधान रहने की सलाह देते हैं। इन चीजों को खाने से पेट में कीड़े, उल्टी, दस्त, पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग, खांसी, जुकाम, बुखार, न जाने कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इंफेक्शन से बचने के लिए आपको इन फूड्स को खाने से बचना चाहिए या सावधानी रखनी चाहिए।*

**हरी पत्तेदार सब्जियां**
हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण से भरी होती हैं। लेकिन बारिश के मौसम में इन्हें खाने से कुछ बीमारियां हो सकती हैं। मानसून में हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक, मेथी और सलाद की पत्तियों में कीटाणु और बैक्टीरिया अधिक पनपते हैं। इन सब्जियों को अच्छे से साफ करना मुश्किल होता है, जिससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे खाने से ई कोलाई, साल्मोनेला जैसे इंफेक्शन हो सकते हैं।

**सी फूड**



मछली और अन्य समुद्री खाद्य पदार्थों का सेवन मानसून के दौरान नहीं करना चाहिए। इस मौसम में समुद्र में जल प्रदूषण बढ़ जाता है, जिससे मछलियों में हानिकारक तत्व हो सकते हैं। इन्हें खाने से फूड पाइजनिंग हो सकती है जो कि काफी गंभीर परिणाम भी दिखा सकती है।

**फ्राइड फूड**
समोसा, पकोड़ा और अन्य तले हुए खाद्य पदार्थ मानसून के मौसम में खाने से बचना चाहिए। तले हुए खाद्य पदार्थों में तेल का उपयोग अधिक होता है, जिससे पेट में अपच, गैस, और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बरसात में यह समस्याएं ज्यादा परेशान कर सकती हैं।

**जल्दी सड़ने वाले फल**
कटे हुए फल, तरबूज, खरबूज आदि जल्दी सड़ जाते हैं। इनके अंदर बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए सड़क पर बिकने वाले खुले फलों या फूड का सेवन न करें।

**दही और अन्य डेयरी उत्पाद**
मानसून के मौसम में दही और अन्य डेयरी उत्पादों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। उच्च नमी के कारण ये उत्पाद जल्दी खराब हो सकते हैं और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। दही की वजह से गले में सूजन, कफ, खांसी–जुकाम हो सकता है।



**यह साल वह समय है...**

नताशा ने अपना बैग पैक किया, मुंबई से रवाना हुईं पहली तस्वीर में नताशा ने अपने सूटकेस की झलक दिखाई, जिसमें उनके कपड़े भरे जा रहे थे। उन्होंने लिखा– यह साल का वह समय है (आंसू रोकते हुए चेहरा, विमान, घर और लाल दिल वाले इमोजी)। यात्रा के दौरान नताशा ने जैकेट के नीचे सफेद टॉप, काली पैंट और जूते पहने थे। अगस्त्य को प्रिंटेड टी–शर्ट, बेज पैंट और जूते पहने देखा गया। उन्हें अपनी नैनी को गले लगाते हुए भी देखा गया, जिसके बाद मां–बेटे की जोड़ी ने उनसे बातचीत भी की। एयरपोर्ट में प्रवेश करने से पहले नताशा ने मुस्कुराते हुए पैपराजी को हाथ हिलाया।

## पंड्या की वाइफ नताशा ने बेटे अगस्त्य के साथ सर्बिया के लिए उड़ान भरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद हार्दिक पंड्या का टी20 टीम का कप्तान बनना लगभग पक्का था, लेकिन इस मामले में उस वक्त ट्विस्ट आ गया, जब इस पूरे मामले में अचानक सूर्यकुमार यादव की एंट्री हो गई। अब सूर्या के नाम का ऑफिशल ऐलान होना बाकी है। एक ओर जहां हार्दिक पंड्या की उम्मीदों के उलट भारतीय टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को मिलते नजर आ रही है तो दूसरी ओर पंड्या की वाइफ नताशा मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। रिपोर्ट्स की मानें तो पंड्या से तलाक की अफवाहों के बीच वह बेटे के साथ मायके यानी सर्बिया के लिए रवाना हुईं। यात्रा के दौरान नताशा ने जैकेट के नीचे सफेद टॉप, काली पैंट और जूते पहने थे। हार्दिक पांड्या से तलाक की अफवाहों के बीच नताशा स्टेनकोविक ने अपना सूटकेस पैक किया और अपने बेटे अगस्त्य के साथ मुंबई से बाहर निकल गईं। बुधवार की सुबह शहर से निकलते हुए दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आए। नताशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी तस्वीरें शेयर की हैं। हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस के मालिक मुकेश अंबानी के बेटे अंनत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में जमकर डांस करते नजर आए, लेकिन नताशा कहीं नजर नहीं आईं।

# श्रीलंका की धरती पर रंग जमाने को तैयार भारतीय महिला टीम

**क्रिकेट**

## विमेंस एशिया कप 2024 का 19 जुलाई से होगा आगाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2024 का आगाज 19 जुलाई से होना है। इस टूर्नामेंट के 9वें संस्करण में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही है, जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन भारत, पाकिस्तान, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड का नाम शामिल है।

इन टीमों को कुल 2–2 के ग्रुप में बांटा गया है। राउंड रॉबिन स्टेज की दो टॉप टीमें सेमीफाइनल में एंटर करेगी। वहीं, 28 जुलाई को दाबुंला के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल मैच खेला जाएगा। बता दें कि महिला एशिया कप का ये संस्करण टी20ᑊ फॉर्मेट में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम और बांग्लादेश की टीम दांबुला पहुंच चुकी है, जिसकी तस्वीरें श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भी शेयर की।

दरअसल, भारतीय महिला टीम एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार की रात दाबुंला पहुंच चुकी है। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय महिला टीम की तस्वीरें शेयर की है, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, श्वेता सेहरावत, आशा शोभना, साजीवन साजना, पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह नजर आ रही है। वहीं, श्रीलंका क्रिकेट ने भी जेमिमाह रोड्रिगज, श्रेयंका पाटिल औरहरमनप्रीत कौर की तस्वीरें शेयर की है।



बता दें क भारतीय टीम का महिला एशिया कप 2024 में पहला मुकाबला 19 जुलाई को पाकिस्तान से होना है। ये मैच दांबुला के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली महिला टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान टीम श्रीलंका, मलेशिया,थाईलैंड और बांग्लादेश की टीम ग्रुप–बी में हैं।

भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाइलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, सभी मैच का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

# परिवार में अलग–थलग पड़े रविंद्र जडेजा ने किया मां को याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी रविंद्र जडेजा ने अपनी स्वर्गवासी मां को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। जडेजा ने सोशल मीडिया एक स्केच शेयर किया है, जिसमें वह टी–20 वर्ल्ड कप थामे अपनी मां के बगल में खड़े हैं। 34 वर्षीय जडेजा पिछले महीने कैरेबियन आईलैंड पर टी–20 वर्ल्ड कप जीतने वाले रोहित शर्मा की भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारत ने केंसिंग्टन ओवल में रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीतने का अपना 17 साल पुराना इंतजार खत्म किया।

जडेजा का अपनी मां के साथ स्केच शेयर करना इस वजह से भी खास है क्योंकि अपने परिवार के साथ उनके रिश्ते बेहद खराब हो चुके हैं। चंद महीने पहले जडेजा के पिता अनिरुद्ध सिंह ने अपनी विधायक बहू रिवाबा पर परिवार को बर्बाद करने का आरोप लगाया था।

### वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ मां का बनवाया स्केच

2005 में जब रविंद्र जडेजा केवल 17 वर्ष के थे और भारतीय यू19 टीम का हिस्सा बने थे, तब उनकी मां का निधन हो गया था। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपनी मां को याद किया। जडेजा ने लिखा, मैं मैदान पर जो कुछ भी कर रहा हूं... वह आपके लिए एक श्रद्धांजलि है।

दिव्य भास्कर को दिए इंटरव्यू में जडेजा के पिता ने कहा था कि उनका रवि (रविंद्र सिंह जाडेजा) या उनकी पत्नी (रिवाबा जडेजा) से कोई लेना–देना नहीं है। वह जामनगर में अकेले रहते हैं जबकि क्रिकेटर पुत्र का पंचवटी बंगला अलग है। अनिरुद्ध सिंह जडेजा ने आगे बहू रिवाबा के बारे में कहा था कि उन्होंने धोखा देकर परिवार को बर्बाद कर दिया, वह अलग रहना चाहती है और बेटे को भी हमसे अलग कर दिया।

भारत के टी–20 विश्व कप जीतने के बाद, जडेजा ने अपने टी–20 इंटरनेशनल करियर को खत्म करने का फैसला लिया था। एक भावनात्मक पोस्ट के जरिए उन्होंने अपने संन्यास का ऐलाान किया था। जडेजा ने तब सोशल मीडिया पर लिखा था, कृतज्ञता से भरे दिल के साथ, मैं टी–20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा कहता हूं। गर्व के साथ दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा।

## जेम्स एंडरसन की जगह तूफानी गेंदबाज को मिली जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जेम्स एंडरसन ने लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद से ये चर्चा जोरों पर थीं कि उनकी जगह इंग्लैंड की टीम में कौन आएगा। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग–11 का एलान कर दिया है और इसी के साथ ये भी पता चल गया है कि एंडरसन की जगह किसे टीम में शामिल किया गया है।

पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने जीत हासिल की थी। अब उसकी नजरें दूसरा टेस्ट मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होंगी। दूसरा टेस्ट मैच नॉटिंघम में 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मैच से एक दिन पहले इंग्लैंड ने अपने उन 11 खिलाड़ियों का एलान कर दिया है जो टेस्ट मैच खेलेंगे। इंग्लैंड टीम मैनेजमेंट ने इस मैच में मार्क वुड को चुना है। वह एंडरसन की जगह टीम में आए हैं। वुड अपनी तूफानी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं।

## न्यूज डायरी



## पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव का अगला टी–20 कप्तान बनना तय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 2026 विश्व कप तक भारत के टी–20 कप्तान बनने की दौड़ में छुपा रुस्तम बनकर उभरे हैं। वह शीर्ष दावेदार हार्दिक पंड्या को पछाड़ सकते हैं, जिन्हें अब तक उप कप्तान से कप्तान बनाया जाना स्वाभाविक पसंद माना जा रहा था। हार्दिक ने इस महीने श्रीलंका के खिलाफ सबसे छोटे प्रारूप के मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध रखा था, लेकिन पता चला है कि सूर्यकुमार यादव को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती है। ऐसे में चलिए वो तीन कारण जानने की कोशिश करते हैं कि क्यों हार्दिक पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव भारत के अगले टी–20 कप्तान घोषित हो सकते हैं। हार्दिक पंड्या को पिछले साल अक्टूबर–नवंबर में घरेलू मैदान पर 50 ओवर के विश्व कप के दौरान टखने में चोट लग गई थी और वह आईपीएल 2024 की शुरुआत तक एक्शन से बाहर थे। आईपीएल 2024 में मुंबई की कप्तानी मिलने के साथ ही वह मैदान पर लौटे, लेकिन भारत के लिए सिर्फ टी–20 फॉर्मेट तक ही सीमित रह गए। देखा जाए तो हार्दिक ने 2022 की शुरुआत के बाद से भारतीय टीम के 79 में से सिर्फ 46 टी20 मुकाबलों में ही भाग लिया है। इस बीच सूर्यकुमार पहले घरेलू सर्किट में मुंबई की कप्तानी कर चुके हैं।

## भारत के दौरे से पहले श्रीलंका के पूर्व कप्तान की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के श्रीलंका दौरे से पहले एक बुरी खबर आ रही है। अंडर–19 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के कप्तान रहे धम्मिका निरोशन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 41 साल के धम्मिका निरोशन तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 2002 अंडर–19 वर्ल्ड कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी। खबरों की माने तो अज्ञान हमलावरों ने अंबालांगोडा स्थित उनके घर के बाहर गोली मार दी। श्रीलंकाई पुलिस के मुताबिक फिलहाल शूटर की शिनाख्त नहीं हो पाई और है और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तेज गेंदबाज रहे निरोशन का हंसता–खेलता परिवार था। अपने पीछे वह पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए। 2004 में खेल के सभी प्रारूपों से जल्दी संन्यास लेने से पहले उनका क्रिकेटिंग करियर जबरदस्त अंदाज में जारी थी। साल 2000 में अंडर–19 क्रिकेट में श्रीलंका के लिए डेब्यू करने के बाद 2002 अंडर–19 वर्ल्ड कप में उन्होंने श्रीलंका की कप्तानी की थी हालांकि उन्होंने कभी भी सीनियर टीम के लिए नहीं खेला। धम्मिका निरोशन ने अंडर–19 लेवल के बाद प्रथम श्रेणी सर्किट में डेब्यू किया, जहां उन्होंने एंजेलो मैथ्यूज, उपुल थरंगा और फरवीज महारूफ जैसे कई भावी श्रीलंका सितारों के साथ क्रिकेट खेला। भारत के लिए इस सीजन में पार्थिव पटेल ने कप्तानी की थी, उनके अलावा सुरेश रैना, स्टुअर्ट बिन्नी, मनविंदर बिस्ला, सिद्धार्थ त्रिवेदी सरीखे दिग्गज मैन इन ब्लूज का हिस्सा थे। धम्मिका निरोशन ने श्रीलंका के लिए 12 फर्स्ट क्लास और 8 लिस्ट–ए के मैच खेले। 2000 में सिंगापुर के खिलाफ डेब्यू मैच खेला था। 2002 के अंडर–19 वर्ल्ड कप की पांच पारियों में 19.28 की औसत से सात विकेट झटके थे।

## मोहम्मद शमी वापसी के लिए तैयार, नेट्स पर उतरते ही उखाड़े स्टंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 के बाद से क्रिकेट मैदान से दूर चल रहे हैं। वनडे विश्व कप 2023 के बाद इंजरी से फिट होकर शमी वापसी की तैयारी में जुट गए हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह नेट्स में गेंदबाजी करते हुए नजर आ रहे है। शमी ने आखिरी मैच पिछले साल वनडे विश्व कप में खेला था, जिसमें उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कुल 24 विकेट लिए थे। फरवरी के महीने में शमी ने अपनी एडी की सर्जरी भी कराई थी, जिसकी वजह से वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज भी नहीं खेल सके। फिर आईपीएल 2024 और टी20 विश्व कप 2024 के लिए शमी उपलब्ध नहीं थे। दरअसल, मोहम्मद शमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह नेट्स में गेंदबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। उनके इस पोस्ट पर कुलदीप यादव और पूव क्रिकेटर इरफान पठान ने रिएक्ट किया है। शमी अपनी इस वीडियो में स्टंप उखाड़ते हुए नजर आ रहे है।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी महानगर में तीन लोगों को नई जिम्मेदारी

**संवाददाता** देहरादून। यूकेडी महानगर की चंद्रबनी में हुई बैठक में तीन लोगों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। डा. आशीष को महानगर चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, संतोष चौहान को महानगर प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। किशोर कुमार बहुगुणा को वार्ड 91 चंद्रबनी चोइला का अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में मनोरथ प्रसाद ध्यानी, मीनाक्षी घिल्डियाल, बिजेंद्र रावत, विपिन रावत, डीडी पंत शामिल रहे।

### मसूरी टेडर्स और रोबुस्ट संस्था ने हरेला पर्व पर पौधे बांटे

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के साथ रोबुस्ट वर्ल्ड संस्था ने मसूरी में हरेला पर्व पर बुधवार को पौधों का वितरण किया। पौधों का वितरण मालरोड स्थित श्री साईबाबा मंदिर के समीप आम लोगों को किया गया। टेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि हरेला पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इसमें पहले दिन स्कूली बच्चों को हरेला पर्व के प्रति जागरूक करने के लिए कविता पाठ और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। दूसरे दिन लाइब्रेरी क्षेत्र में सीजेएम वेवरली स्कूल की छात्राओं के साथ स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया व तीसरे दिन पौधे वितरित किए गये।

### उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने देहरादून में खोली नई शाखा

**संवाददाता** देहरादून। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तराखंड के देहरादून जिले में अपनी नई शाखा की शुरुआत की। इस नई शाखा की शुरुआत के साथ ही, उत्तराखंड में कुल शाखाओं की संख्या पच्चीस (25) और देश भर के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल संख्या 917 तक पहुंच गई है। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि हमारे बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार उत्तराखंड में हो रहा है।

### बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड 496.80 करोड़ रुपये जुटाएगी

**संवाददाता** देहरादून। बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक लीडिंग प्रिसिजन इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, ने भारत को डिफेंस, रेलवे और एयरोस्पेस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने और और क्षमता को मजबूत करने के लिए इक्विटी शेयरों के प्रेफेरेंशिएल इश्यू और पूरी तरह से कन्वर्टिबल वारंट्स के कॉम्बिनेशन में 496.80 करोड़ रुपये के फंड को जुटाने की घोषणा की है।

# नियुक्ति पत्र सभी युवाओं के सपनों की पहली सीढ़ी: सीएम

**नियुक्ति पत्र**

■ मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से चयनित 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से चयनित 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों के अंतिम वर्ष के इन छात्र–छात्राओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। इस वर्ष अभी तक राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से 65 प्रतिशत युवाओं को रोजगार मिल चुका है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियुक्ति पत्र सभी युवाओं के सपनों की पहली सीढ़ी है। यह परिश्रम और लगन से किए कार्य का सम्मान भी है। हर छात्र पूर्ण मनोयोग निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर मिलें। राज्य के अंदर निजी क्षेत्र भी रोजगार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गैर सरकारी औद्योगिक इकाइयों का विकास हमारी आर्थिक विकास का प्रमुख स्तंभ है। देवभूमि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, राज्य सरकार इन प्रतिभाओं को राज्य में सही दिशा और उचित अवसर देने का कार्य कर रही है।

सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में टेक्नोलॉजी, रोजगार, कौशल विकास के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश के अंदर हर क्षेत्र में नौजवानों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी को प्रथमिकता दी गई है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं से देश में नई औद्योगिक क्रांति की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों हेतु राज्य में ऑनलाइन ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का निर्माण किया गया है। जिसके माध्यम से छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ना है। बीते 3 सालों में राज्य सरकार ने सरकारी विभागों में 15000 से भी ज्यादा युवाओं को नियुक्तियां दी है। राज्य में भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी बनाया गया है। परीक्षा से लेकर नियुक्तियां तक तय समय के अंदर हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में आई पारदर्शिता से युवाओं का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। यह पारदर्शिता युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान लोगों/युवाओं द्वारा नकल विरोधी कानून लागू करने हेतु विशेष रूप से सरकार का आभार व्यक्त किया जा रहा है।

### रोजगार देना सरकार की प्राथमिकताः तकनीकी शिक्षा मंत्री

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता परक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं को सीधे रोजगार मिले इसके लिए औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के हिसाब से नये कोर्स चलाये जा रहे हैं। बच्चों को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में फाइनल वर्ष के 3500 बच्चों में से 2303 बच्चों को रोजगार से जोड़ दिया गया है।

# फेरी–ठेली वालों को जारी होंगे पहचान पत्र

**निर्देश**

■शहरी विकास निदेशालय ने नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को जारी किया पत्र

**संवाददाता**

देहरादून। फेरी–ठेली वालों को जल्द पहचान पत्र प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर इस संबंध में शहरी विकास निदेशालय की ओर से राज्य के समस्त नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर फेरी एवं ठेली वालों का विवरण जुटाने व पहचान पत्र जारी कर इन्हें अनिवार्य रूप से ठेली/फड़ पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी विकास निदेशक नितिन सिंह भदौरिया की ओर से इस संबंध में समस्त नगर निकायों के नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत नगरीय फेरी व्यवसायियों की फेरी/ठेली में पहचान प्रदर्शित करने हेतु विवरण जुटाएं। पहचान पत्र में फेरी व्यवसायी का कोड, नाम, पता, फोटो अंकित होने के साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य का भी नाम निर्देशिता का नाम, श्रेणी(स्थिर या चल) के अतिरिक्त फेरी क्षेत्र जहां परिचय पत्र स्वामी को स्थिर या चल फेरी की अनुज्ञा के साथ ही अनुज्ञति कि विधिमान्यता का विवरण मांगा जाए। पत्र में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि नगर के समस्त फेरी व्यवसायियों को फेरी–ठेली वालों को पहचान पत्र जारी कर अनिवार्य रूप से इसे प्रदर्शित करना होगा।

### साफ–सफाई व डेंगू–मलेरिया को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर

मानसूनी सीजन के दौरान साफ–सफाई सहित डेंगू–मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के प्रति मुख्यमंत्री धामी बेहद गंभीर हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर शहरी विकास निदेशक ने राज्य के समस्त नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को प्रतिदिन अपने क्षेत्रों में दो बार भ्रमण कर आख्या निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मानसून सीजन में जल–जनित बीमारियों से लेकर डेंगू–मलेरिया का खतरा बना रहता है। विगत दिनों मुख्यमंत्री ने इस संबंध में बैठक लेकर जल भराव, साफ सफाई तथा डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में शहरी विकास निदेशक नितिन सिंह भदौरिया ने समस्त नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा के अनुरूप इस संबंध में प्रभावी उपाय एवं अनुश्रवण करते हुए प्रतिदिन निकाय क्षेत्र में दो बार भ्रमण कर अनुपालन आख्या निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस ने केस दर्ज करने वाले दरोगा की जांच की मांग उठाई

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस नेता याकूब सिद्दकी के न्यायालय से बरी होने के बाद कांग्रेस इस मामले में मुकदमा दर्ज करने वाले अधिकारी के खिलाफ जांच की मांग की है। बुधवार को देहरादून में पत्रकार वार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि दुर्भावनापूर्ण तरीके से मुकदमा दर्ज किया गया, यह न्यायालय का निर्णय आने के बाद साफ हो गया है। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में गोगी ने कहा कि 2020 में टिहरी गढ़वाल के डूंगीधार चौकी में कांग्रेस नेता याकूब सिद्दकी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्हें हाल में कोर्ट ने बरी कर दिया है। कहा कि पिछले चार साल उन्होंने जो परेशानी झेली। सामाजिक और आर्थिक क्षति हुई। मानसिक तनाव में रहे, उसकी भरवाई नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित दरोगा की जांच होनी चाहिए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।